दिन– रविवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 22 / 03 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. बिहार आज अपना एक सौ चौदहवां स्थापना दिवस मना रहा है। उन्नत बिहार–उज्ज्वल बिहार की थीम के साथ पटना के गांधी मैदान में तीन दिवसीय मुख्य समारोह का हो रहा है आयोजन।

02 पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के विभिन्न भागों में रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी। मौसम विभाग ने आज अररिया, कटिहार, किशनगंज, सहरसा और सुपौल सहित कई जिलों में आंधी, बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की।

03. कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा– आंधी–बारिश से हुई फसल क्षति का आकलन कर किसानों को दिया जायेगा मुआवजा।

04. और, लोक आस्था का महापर्व चैती छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान नहाय–खाय के साथ आज से शुरू।

—————————————————————

बिहार आज अपना एक सौ चौदहवां स्थापना दिवस मना रहा है। आज ही के दिन वर्ष उन्नीस सौ बारह में बंगाल से अलग हुए बिहार को राज्य का दर्जा मिला था। इस वर्ष बिहार दिवस की थीम है– **उन्नत बिहार–उज्ज्वल बिहार**।

———गीत———

अपनी अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर और ऐतिहासिक विरासत के कारण बिहार की पहचान एक ऐसे राज्य के रूप में रही है, जिसने हमेशा से देश को नई राह दिखाई। बिहार का इतिहास कमोबेश मानव सभ्यता का इतिहास माना जाता है, जिसने पूरी दुनिया को लोकतंत्र की अवधारणा से परिचित कराया है।

———गीत———

बिहार दिवस के अवसर पर पटना के गांधी मैदान में तीन दिवसीय मुख्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्घाटन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार करेंगे। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत सैयद अता हसनैन चौबीस मार्च को समापन समारोह को संबोधित करेंगे। समारोह में देश के कई जाने–माने कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। एक रिपोर्ट...

———रिपोर्ट———

—————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने इस अवसर पर बिहार के लोगों को बधाई दी है। सोशल मीडिया पर अपने संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि बिहार,

भारत की विरासत को गौरव और आध्यात्मिकता प्रदान करने वाला राज्य है और निरंतर विकास के नए अध्याय लिख रहा है।

————————————————————————

इधर, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने उम्मीद जतायी है कि बिहार पहले से भी अधिक गौरव के साथ नये भारत के विकास और प्रगति में अपनी भूमिका निभायेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आशा व्यक्त की है कि बिहार प्रगति और समृद्धि के पथ पर निरंतर आगे बढ़ता रहेगा। विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने अपने संदेश में कहा कि बिहार दिवस हमें अपने राज्य की ऐतिहासिक विरासत और गरिमामयी वर्तमान को याद करने का एक अवसर है।

———साउंड बाईट———

उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि यह गौरवपूर्ण दिवस हमें बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक परंपराओं और महान विभूतियों के अमूल्य योगदान की याद दिलाता है।

———साउंड बाईट———

इधर, विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार सहित अन्य गणमान्य लोगों ने भी बिहार दिवस पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं।

————————————————————————

बिहार दिवस के अवसर पर राजधानी पटना में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। जिला प्रशासन की ओर से पटना के गांधी मैदान और आस—पास के क्षेत्रों में छप्पन स्थानों पर दो पालियों में चौरानवे दंडाधिकारियों तथा पुलिसकर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है।

————————————————————————

केन्द्र सरकार ने बजट दो हजार पच्चीस—छब्बीस के अनुरूप सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के विनिर्माताओं और निर्यातकों को बढ़ावा देने के लिए पारस्परिक ऋण गारंटी योजना में बड़े बदलाव किए हैं। एक रिपोर्ट—

———रिपोर्ट———

पारस्परिक ऋण गारंटी योजना के तहत पात्र सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों मशीनरी/उपकरण खरीदने हेतु 100 करोड़ तक के सावधि ऋण पर 60 प्रतिशत गारंटी कवरेज प्रदान किया जाता है। नेशनल क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड द्वारा समर्थित यह योजना, गारंटी देकर बैंकों से आसान ऋण दिलाने में मदद करती है।

वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि संशोधनों से य़ोजना का विस्तार होगा, अनुपालन बोझ कम होगा और निर्यातक एमएसएमई को प्रोत्साहन मिलेगा। संशोधित योजना में चौथे वर्ष बाद किस्तों में पांच प्रतिशत अग्रिम अंशदान वापसी की जा सकती है। संतोषजनक ऋण प्रदर्शन पर चौथे वर्ष से हर साल इसका एक प्रतिशत वापस किया जा सकेगा। पात्रता मानदंड को विस्तारित कर सेवा क्षेत्र के एमएसएमई

को भी इसमें शामिल किया गया है। मशीनरी और उपकरणों के लिए न्यूनतम परियोजना लागत की आवश्यकता पहले के 75 प्रतिशत से घटाकर 60 प्रतिशत कर दी गई है।

मंत्रालय के अनुसार, एमएसएमई के पारस्परिक ऋण गारंटी योजना संशोधनों से निर्यातक एमएसएमई सहित सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के लिए संयंत्र, मशीनरी और उपकरण की खरीद के लिए ऋण उपलब्धता बढ़ेगी, जिससे भारत में विनिर्माण और निर्यात क्षेत्र को काफी बढ़ावा मिलेगा।

———————————————————————————

केन्द्र सरकार ने राज्यों को व्यावसायिक एलपीजी के लिए बीस प्रतिशत अतिरिक्त आवंटन को मंजूरी दे दी है। इससे कुल आवंटन पचास प्रतिशत हो जाएगा। इसमें पीएनजी के विस्तार के लिए सुधारों के आधार पर दस प्रतिशत आवंटन भी शामिल है। इसमें रेस्तरां, ढाबे, होटल, औद्योगिक कैंटीन, डेयरी, रियायती कैंटीन और राज्य या स्थानीय निकायों द्वारा संचालित अन्य क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जाएगी। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव, नीरज मित्तल ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर कहा है कि यह आवंटन सोमवार से लागू होगा। सभी व्यावसायिक और औद्योगिक एलपीजी उपभोक्ताओं को तेल विपणन कंपनियों के साथ पंजीकरण कराना होगा। सरकार ने आश्वासन दिया है कि देश में पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की कोई कमी नहीं है और लोग घबराहट में खरीदारी न करें।

———————————————————————————

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के विभिन्न भागों में रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी है। विभिन्न जिलों से हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि कुछ क्षेत्रों में कुहासे के कारण यातायात प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान अररिया, कटिहार, किशनगंज, मधेपुरा, पूर्णिया, सहरसा और सुपौल जिले में आंधी, बारिश और वज्रपात की आशंका है।

———साउंड बाइट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान समस्तीपुर के मोहिउद्दीन नगर में सबसे अधिक पचहत्तर दशमलव चार मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। लगातार हो रही बारिश से प्रदेश के तापमान में चार से पांच डिग्री सेल्सियस तक की कमी दर्ज की गयी है। अधिकांश स्थानों का तापमान पच्चीस डिग्री सेल्सिय से नीचे चला गया है। मौसम में बदलाव के कारण पटना के अधिकतम तापमान में लगभग नौ डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान में पांच डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गयी है। इधर, बेमौसम बारिश से गेहूं, दलहन, आम और लीची के मंजर को काफी नुकसान पहुंचा है। राजेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, पूसा के अनुसार इस बारिश से नमी में बढ़ोतरी होगी, जिससे पेड़ों पर फफूंद जैसे रोगों के बढ़ने की आशंका है। विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने कहा है कि बागीचों में पानी जमा नहीं होने दे और पेड़ों पर दवा का छिड़काव करें।

———————————————————————————

कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा है कि राज्य में आंधी और बारिश से हुए फसलों के नुकसान का आकलन कराया जायेगा। कृषि मंत्री ने कहा है कि जिन स्थानों पर तैंतीस प्रतिशत से अधिक नुकसान हुआ है, उन स्थानों पर फसल क्षति का आकलन कर आपदा प्रबंधन विभाग से रिपोर्ट मांगी गयी है। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग की टीमों को सक्रिय कर किसानों को हरसंभव मदद दी जायेगी। किसानों को फसल क्षति का मुआवजा नियमानुसार दिया जायेगा।

————————————————————————

लोक आस्था के महापर्व चैती छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान आज से शुरू हो रहा है। पहले दिन आज नहाय–खाय के साथ व्रती छठ की शुरूआत करेंगे। कल खरना की पूजा की जायेगी। चौबीस मार्च को व्रती अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे। पच्चीस मार्च को उदयीमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही छठ का अनुष्ठान सम्पन्न होगा। इधर, छठ को लेकर प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। पटना में आठ गंगा घाटों को खतरनाक घोषित किया गया है। घाटों तक पहुंचने वाले सम्पर्क मार्गों की मरम्मत की जा रही है। सभी घाटों पर एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की तैनाती की गयी है। गंगा नदीयों में आज से पच्चीस मार्च तक नाव के परिचालन पर रोक लगा दी गयी है।

————————————————————————

केंद्र सरकार ने खरीफ विपणन मौसम दो हजार पच्चीस–छब्बीस के तहत धान अधिप्राप्ति की समय–सीमा बढ़ा दी है। अब इकतीस मार्च तक धान की सरकारी खरीद की जायेगी। पहले यह तिथि अट्ठाईस फरवरी निर्धारित थी। खाद्य और उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह ने बताया कि बिहार के किसानों की जरूरतों और पेक्स के माध्यम से हो रही खरीद की गति को देखते हुए केन्द्र सरकार से समय विस्तार का अनुरोध किया गया था।

————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– बिहार में बेमौसम बारिश से फसलों–फलों को भारी क्षति। दो दिनों की आंधी–बारिश से रबी फसलों को तीस प्रतिशत तक नुकसान।

दैनिक जागरण ने पश्चिम एशिया युद्ध पर लिखा है–ईरान का इस्रायल के डिमोना परमाणु केन्द्र पर हमला। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दूसरी बार ईरानी राष्ट्रपति से की बात।

दैनिक भास्कर की विशेष खबर– गैर–मान्यता प्राप्त डिग्री पर तेरह सौ छियालीस शिक्षक बने, अब जायेगी नौकरी। निगरानी ब्यूरो की जांच में हुआ बड़ा खुलासा। प्रभात खबर लिखता है– अप्रैल के अंत तक महिलाओं को मिलेंगे बीस हजार रूपये सीएम महिला रोजगार योजना की दूसरी किस्त के लिए हो रही लाभार्थियों की पहचान। राष्ट्रीय सागर के शब्द है– आयकर नियमों को बनाया गया सरल, एक अप्रैल से बदलेगा सिस्टम। आज अखबार की खबर है– अप्रैल में मिलेगा अगले तीन महीने का राशन एक साथ।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. बिहार आज अपना एक सौ चौदहवां स्थापना दिवस मना रहा है। उन्नत बिहार–उज्ज्वल बिहार की थीम के साथ पटना के गांधी मैदान में तीन दिवसीय मुख्य समारोह का हो रहा है आयोजन।

02 पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के विभिन्न भागों में रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी। मौसम विभाग ने आज अररिया, कटिहार, किशनगंज, सहरसा और सुपौल सहित कई जिलों में आंधी, बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की।

03. कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा– आंधी–बारिश से हुई फसल क्षति का आकलन कर किसानों को दिया जायेगा मुआवजा।

04. और, लोक आस्था का महापर्व चैती छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान नहाय–खाय के साथ आज से शुरू।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे से प्रसारित किया जाएगा। नमस्कार।